हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 13 नवंबर 2026

06 आमसभा में दिग्विजय के भाजपा और आरएसएस पर तीखे प्रहार...



09 आमसभा में दिग्विजय के भाजपा और आरएसएस पर तीखे प्रहार...



समाचार संक्षेप

बूढ़े बालाजी मंदिर में भव्यता और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ अन्नकूट

गुना। गुना। शहर के प्राचीन एवं प्रसिद्ध श्री बूढ़े बालाजी मंदिर में बुधवार, 11 नवंबर को अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ भव्य रूप से संपन्न हुआ। सुबह से ही मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहा। भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किए और धर्मलाभ प्राप्त किया।अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर भगवान श्री बूढ़े बालाजी, प्रभु श्रीराम एवं भगवान भोलेनाथ का आकर्षक पारंपरिक श्रृंगार किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद प्रातः 11:50 बजे महाआरती हुई तथा भगवान को अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया।महाआरती के पश्चात दोपहर 12:15 बजे से शाम 4 बजे तक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान कीर्तन की मधुर धुनों के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में सेवादारों ने पूरे सेवाभाव और समर्पण के साथ श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की।

मक्का की बंपर आवक, किसानों को अच्छे भाव मिलने की उम्मीद



गुना। कृषि उपज मंडी में इन दिनों मक्का की आवक बनी हुई है। मंडी परिसर में जगह-जगह मक्का की ढेरियां दिखाई दे रही हैं। किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों एवं अन्य वाहनों में अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं। वहीं, मक्का के बाजार भाव को लेकर किसानों और व्यापारियों की निगाहें टिकी हुई हैं। बाजार में आने वाले दिनों में मक्का के भाव में तेजी आने का अंदेशा जताया जा रहा है। इससे किसानों को अपनी उपज के बेहतर दाम मिलने की उम्मीद बंधी है। मंडी में मक्का की आवक के बीच किसानों को अपनी उपज के उचित मूल्य का इंतजार है। किसानों का कहना है कि फसल तैयार करने में बीज, खाद, कीटनाशक, सिंचाई, मजदूरी और परिवहन सहित कई तरह की लागत आती है। ऐसे में यदि बाजार में उपज के अच्छे भाव मिलते हैं तो किसानों को मेहनत का उचित प्रतिफल मिल सकेगा। वहीं, भाव में अपेक्षित तेजी नहीं आने पर किसानों के सामने लागत निकालने की चुनौती खड़ी हो जाती है।

झंडा परिवार को पुरानी पिच्छिका प्राप्त होने पर आरोन जैन समाज में हर्ष की लहर

आरोन। आचार्य श्री विद्या सागर महाराज एवं नव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज एवं ससंघ का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह बुधवार को अशोकनगर जिले के पिपरई में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान आरोन जैन समाज को एक साथ दो दो उपलब्धियां प्राप्त हुईं। पूज्य मुनि श्री दुर्लभ सागर जी महाराज की पुरानी पिच्छिका प्राप्त करने का सौभाग्य आरोन निवासी जम्मू जैन झंडा एवं श्रीमति श्वेता जैन झंडा को प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष जब मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज ने आरोन में चातुर्मास किया था तब भी झंडा परिवार के विवेक झंडा एवं श्रीमति नेहा झंडा को पुरानी पिच्छिका प्राप्त हुई थी। एक बार फिर से झंडा परिवार एवं आरोन जैन समाज को यह सौभाग्य प्राप्त होने पर आरोन जैन समाज में हर्ष एवं उल्लास का माहौल देखने को मिला।सुनील झंडा ने बताया कि इसके साथ साथ आरोन जैन समाज के सन्नी नारद एवं श्रीमति पूजा नारद को मुनि श्री दुर्लभ सागर महाराज को नवीन पिच्छिका देने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ।आरोन जैन समाज को अशोकनगर जिले में एक साथ दो दो उपलब्धियां प्राप्त होने पर समाज के लोगों ने दोनों परिवारों के मंगल पुण्य की अनुमोदना की।



परिजन का इलाज कराने अस्पताल आया था फरियादी, बाइक हुई चोरी

हॉस्पिटल के बाहर से दिनदहाड़े बाइक चोरी, सीसीटीवी में कैद हुआ बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर में वाहन चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब दिनदहाड़े व्यस्ततम मार्गों और अस्पतालों के बाहर खड़े वाहन भी सुरक्षित नहीं हैं। ताजा मामला एबी रोड स्थित ओवरब्रिज के पास संचालित बालाजी हॉस्पिटल का है, जहां एक अज्ञात बदमाश अस्पताल के बाहर खड़ी मरीज के परिजन की बाइक लेकर फरार हो गया। पूरी वारदात अस्पताल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में एक युवक बाइक चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंभराज तहसील के ग्राम बरौद निवासी मदनमोहन मीणा अपने परिवार के एक सदस्य का उपचार कराने के लिए बालाजी हॉस्पिटल आए थे। उन्होंने दोपहर करीब 12 बजे अपनी हीरो स्प्लेंडर बाइक क्रमांक एमपी 08-8464 अस्पताल के बाहर खड़ी की और परिजन के इलाज के लिए अंदर चले गए। कुछ देर बाद जब वे अस्पताल से बाहर लौटे तो बाइक निर्धारित स्थान से गायब मिली।



सीसीटीवी खंगाले तो सामने आई वारदात

बाइक गायब मिलने पर मदनमोहन मीणा ने पहले अस्पताल परिसर और आसपास के क्षेत्र में तलाश की, लेकिन वाहन का कोई पता नहीं चला। इसके बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। फुटेज में एक अज्ञात युवक उनकी बाइक को ले जाते हुए नजर आया। इसके बाद पीड़ित को स्पष्ट हो गया कि उनकी बाइक चोरी हो चुकी है। दिनदहाड़े हुई इस वारदात ने अस्पताल के बाहर खड़े वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। जिस स्थान पर मरीजों और उनके परिजनों की लगातार आवाजाही रहती है, वहां से चोर का बाइक लेकर निकल जाना चिंता का विषय है।

घटना के बाद पीड़ित मदनमोहन मीणा ने शहर कोतवाली पहुंचकर बाइक चोरी की लिखित शिकायत दी। आरोप है कि सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध होने के बावजूद उन्हें रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए घंटों तक थाने के चक्कर काटने पड़े। पीड़ित को उम्मीद थी कि चोरी की घटना का वीडियो साक्ष्य होने के कारण पुलिस तत्काल कार्रवाई करेगी, लेकिन उन्हें रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए परेशान होना पड़ा।

फुटेज के आधार पर चोर की तलाश में जुटी पुलिस

बताया जा रहा है कि पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अज्ञात आरोपी की पहचान करने और चोरी गई बाइक का पता लगाने में जुटी है। अब देखना होगा कि पुलिस कब तक बाइक चोर तक पहुंच पाती है और पीड़ित को उसका वाहन वापस मिल पाता है। शहर में अस्पतालों, बाजारों और अन्य सार्वजनिक स्थानों के बाहर वाहन चोरी की घटनाएं आम नागरिकों के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। लोग अपने परिजनों के इलाज और अन्य जरूरी कामों के लिए वाहन खड़े कर जाते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से चोरों को मौका मिल जाता है। बालाजी हॉस्पिटल के बाहर हुई इस घटना ने एक बार फिर शहर में वाहन सुरक्षा और पुलिस की निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सिरोंज रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत सिरोंज रोड पर मुस्कान वेयरहाउस के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस सडक़ हादसे में दोनों वाहनों के चालक और एक बच्चे सहित कुल तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायती रिपोर्ट के आधार पर क्रॉस मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पतलेश्वर निवासी रामबाबू ओझा अपने 10 वर्षीय बेटे वेद के साथ ईसागढ़ (अशोकनगर) से टीका कराकर अपनी सीडी डीलक्स बाइक से वापस लौट रहे थे। इसी दौरान रात करीब साढ़े सात बजे जैसे ही वे मुस्कान वेयरहाउस के पास पहुंचे, सामने से तेज गति और लापरवाही से आ रही दूसरी बाइक क्रमांक एमपी 08-7028 के चालक ने उनकी गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी।इस टक्कर में रामबाबू ओझा, उनका बेटा वेद और दूसरी बाइक का चालक मोनू कोरी पुत्र कल्याण कोरी निवासी मातापुरा, कैंट घायल हो गए। रामबाबू के दांत टूटने, हाथ-पैर और चेहरे पर चोटें आईं, जबकि उनके बेटे को भी कंधे व टखने में चोट लगी। वहीं, दूसरी बाइक चला रहे मोनू कोरी के पैर और पिंडली में गंभीर चोट आई, जिसे डॉयल 112 वाहन की मदद से सिविल अस्पताल आरोन पहुंचाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

ट्रक ने अचानक मोड़ी गाड़ी, पलटी महिंद्रा

इधर जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत एबी रोड स्थित रुठियाई क्षेत्र में एक तेज रफ्तार ट्रक चालक की लापरवाही से महिंद्रा कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में कार सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें 108 एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रवल प्रताप सिंह कुशवाह निवासी रामकृष्ण पुरम कॉलोनी गुना अपने साथियों के साथ कार एमपी 13-7441 से पीलाघाटा से गुना लौट रहे थे। रात करीब 1:30 बजे रानीपुरा शिवजी मंदिर के पास आगे चल रहे एक ट्रक चालक ने अचानक तेजी व लापरवाही से वाहन मोड़ दिया, जिससे उनकी कार ट्रक के पिछले हिस्से से टकराकर सडक़ किनारे रखे आरसीसी ब्लॉक से भिडक़र पलट गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

भव्य कलश यात्रा से होगा श्रीगणेश

सिसौदिया कॉलोनी में 14 नवंबर से भागवत कथा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कार्तिक मास की पावन वेला में शहर की धर्मप्रेमी जनता को आध्यात्मिक रसपान कराने के लिए सिसौदिया कॉलोनी में भव्य श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होने जा रहा है। जिला शिक्षा कार्यालय के पीछे स्थित कथा स्थल पर 14 नवंबर से शुरू होने वाले इस आठ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन 21 नवंबर को हवन-पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ होगा।

गुरुवार दोपहर आयोजक परिवार के इंजीनियर बीडी शर्मा, साहित्यकार सतीश चतुर्वेदी और पंडित लखन शास्त्री ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए इस भव्य आयोजन की रूपरेखा साझा की।इस सात दिवसीय ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास के रूप में वृंदावन धाम आश्रम बापौली मांगरोल (नर्मदा उत्तर तट) के महामंडलेश्वर ब्रह्मचारी महाराज अपने मुखारबिंद से प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से श्रद्धालुओं को कथा का अमृतरस पान कराएंगे। आयोजकों ने बताया कि कथा की शुरुआत शनिवार, 14 नवंबर को एबी रोड स्थित गायत्री मंदिर से निकलने वाली भव्य कलश यात्रा के साथ होगी। गाजे-बाजे के साथ यह यात्रा कथा स्थल पहुंचकर संपन्न होगी, जिसके बाद विधिवत स्थापना और प्रथम स्कंध की कथा प्रारंभ होगी।तय कार्यक्रम के अनुसार, 15 नवंबर को सृष्टि वर्णन व ध्रुव चरित्र, 16 नवंबर को जड़भरत व प्रहलाद चरित्र और 17 नवंबर को वामन अवतार सहित श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव (नंद महोत्सव) धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके पश्चात 18 नवंबर को श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं व गोवर्धन पूजा, 19 नवंबर को महारास लीला व कंस वध तथा 20 नवंबर को सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष के प्रसंगों का वर्णन होगा।

अंतिम दिन शनिवार, 21 नवंबर को हवन पूर्णाहुति के बाद दोपहर 1 बजे से महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजक मंडल और क्षेत्रवासियों ने समस्त धर्मप्रेमियों से सपरिवार पहुंचकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

कलेक्टर की समय-सीमा बैठक में योजनाओं की समीक्षा

नरवाई जलाने वालों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन की विभिन्न योजनाओं एवं विभागीय गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसमें स्वामित्व योजना, नरवाई जलाने पर रोक, मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान, सीएम हेल्पलाइन, पेंशन प्रकरणों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को मैदानी स्तर पर नियमित निरीक्षण करने तथा आमजन की समस्याओं का प्रभावी ढंग से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



कलेक्टर श्री कन्याल ने स्वामित्व योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि तहसीलदार एवं पटवारी उन्हें आवंटित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाएं और निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य पूरे करें। उन्होंने सभी एसडीएम को योजना की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए, ताकि योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंच सके। कलेक्टर ने खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां भी नरवाई जलाए जाने की पुष्टि होती है, वहां संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।सभी एसडीएम को फील्ड में जाकर स्थिति की निगरानी करने तथा नरवाई जलाने से संबंधित प्रकरण तैयार कर जुर्माने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसानों को नरवाई नहीं जलाने के प्रति जागरूक करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता शिविर आयोजित करने को कहा गया।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की विभागवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्धारित समय-सीमा से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर विशेष नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को इनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की शिकायतों का समाधान सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जाए। शिकायतों के निराकरण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। संबंधित अधिकारी लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करें और आवेदकों को संतुष्टिपूर्ण समाधान उपलब्ध कराएं। बैठक में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के अंतर्गत आगामी 20 नवंबर 2026 को देवउठनी ग्यारस के अवसर पर प्रस्तावित सामूहिक विवाह सम्मेलन की जानकारी दी गई।

जुआ की फड़ पर दबिश देकर पुलिस ने जुआ खेलते 5 जुआरी दबोचे

जिले में अवैध गतिविधियों तथा जुआ-सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु गुना पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाहियां की जा रही हैं । इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन एवं सीएसपी गुना सैफा हासमी के पर्यवेक्षण में कैंट थाना पुलिस द्वारा ग्राम उमरिया में जुए के फड पर दबिश देकर जुआ खेल रहे पांच आरोपियों को पकड़कर उनके कब्जे से कुल 17,300 रुपये नगद एवं ताश की गड्डी बरामद की गई हैं ।उल्लेखनीय है कि दिनांक 11 नवंबर 2026 की शाम कैंट थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम उमरिया में नाले के पास कुछ व्यक्ति ताश के पत्तों पर रुपये-पैसों का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं ।

गुना में धूमधाम से मनाया जाएगा राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस पूरे देश के साथ-साथ मध्यप्रदेश और गुना जिले में भी धूमधाम से मनाया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव ने बताया कि इस आयोजन को लेकर भाजपा के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने प्रेस वार्ता में कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। सिकरवार ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ जनजाति समाज के लिए ही नहीं, बल्कि सर्व समाज के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस आयोजन में भगवान बिरसा मुंडा जी को याद करने के साथ-साथ क्षेत्र के उन महापुरुषों को भी याद किया जाएगा, जिनकी जयंती या पुण्यतिथि पूरे साल में आती है। पूरा आयोजन जनजाति अस्मिता, जनजाति पहचान, लोक कला-संस्कृति और समग्र विकास पर केंद्रित होगा। यह पूरा आयोजन करीब एक सप्ताह तक चलेगा। 12 एवं 13 नवंबर को अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में तैयारियों को लेकर बैठकें आयोजित की जा रही हैं। प्रत्येक विधानसभा के दो प्रमुख स्थानों पर जनजाति महानायकों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्वलन और लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रतिमाओं की संख्या दो से अधिक भी हो सकती है। 16 एवं 17 नवंबर जनजाति युवाओं और छात्रों से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए जनजाति छात्रावास संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 18 से 20 नवंबर पूर्व-वर्तमान सांसद, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी जनजाति अंचलों में जनजाति गौरव चौपाल का आयोजन करेंगे।

श्याम परिवार की बैठक में आयोजन की तैयारियों को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

18 नवंबर को निकलेंगे बाबा श्याम की शाही पालकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

स्थानीय अग्रवाल धर्मशाला में श्याम परिवार गुना के तत्वावधान में आगामी शाही पालकी महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता श्याम परिवार के वरिष्ठ सदस्य श्री ओमप्रकाश माहेश्वरी ने की। इसमें संरक्षक श्री रामस्वरूप गुप्ता एवं श्री रामबाबू गर्ग सहित बड़ी संख्या में श्याम प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में आयोजन को और अधिक भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने अपने बहुमूल्य सुझाव दिए, जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए महोत्सव की व्यवस्थाओं को लेकर निम्नलिखित निर्णय लिए गए।



18 नवंबर को निकलेगी शाही पालकी, दोपहर 1:30 बजे होगा शुभारंः शाही पालकी महोत्सव 18 नवंबर 2026, बुधवार को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बाबा श्री श्याम शाही पालकी में विराजमान होकर दोपहर ठीक 1:30 बजे महाआरती के पश्चात होटल सम्राट, हनुमान चौराहे से नगर भ्रमण के लिए रवाना होंगे। यात्रा हनुमान चौराहे से प्रारंभ होकर हाट रोड, सदर बाजार, लक्ष्मीगंज, गुरुद्वारा एवं जयस्तंभ चौराहा होते हुए रात्रि 8:30 बजे नारायणा गार्डन पहुंचेगी, जहां बाबा श्री श्याम की महाआरती संपन्न होगी।

सुरक्षा एवं प्रसादी वितरण की जिम्मेदारी तयः शाही पालकी यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी श्री मानसिंह भदौरिया के नेतृत्व में राजपूत करणी सेना ने ली है। वहीं, प्रसादी वितरण की व्यवस्था अग्रवाल समाज के अध्यक्ष प्रदीप मित्तल के नेतृत्व में अग्रवाल नवयुवक दल, अग्रोहा युवा ग्रुप एवं जूनियर युवा ग्रुप द्वारा संभाली जाएगी। रात्रि 8 बजे से शुरू होगा महाप्रसादी वितरणः इस वर्ष महाप्रसादी की पैक थालियों का वितरण ठीक रात्रि 8 बजे प्रारंभ कर दिया जाएगा।

चुनरी थीम पर होगा शाही पालकी महोत्सवः इस वर्ष महोत्सव की थीम चुनरी रखी गई है। सभी श्याम प्रेमियों से आयोजन में अनिवार्य रूप से शामिल होने का आग्रह किया गया है। पुरुषों के लिए श्वेत कुर्ता-पायजामा तथा महिलाओं के लिए राजस्थानी पारंपरिक परिधान जैसे चुनरी, लहरिया, बांधनी, पटोला प्रिंट अथवा लहंगा-चुनरी पहनकर आने का सुझाव दिया गया है। साथ ही सभी महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं से हाथों में मेहंदी लगाने का भी आग्रह किया गया है।

दीपावली की विद्युत सजावट एकादशी तक रखें जारीः शहर में बाबा श्री श्याम के जन्मोत्सव को भव्यता के साथ मनाने के लिए सभी सनातनी बंधुओं से अपील की गई है कि वे अपने घरों एवं प्रतिष्ठानों पर दीपावली के अवसर पर की गई विद्युत सजावट आगामी एकादशी तक यथावत रखें।

समाचार संक्षेप

कायस्थ समाज राघौगढ़ द्वारा यम द्वितीया पर की चित्रगुप्त पूजन, बड़ी संख्या में शामिल हुए श्रद्धालु



राघौगढ़। कायस्थ समाज राघौगढ़ द्वारा यम द्वितीया पर अपने आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त पूजन बड़े ही हर्षोल्लास व धुमधाम से की। सर्वप्रथम भगवान का विशेष श्रृंगार कर , कथा सहित आरती उतारी एवं कलम दवात पूजे ।कायस्थ समाज बर्ष में दो वार अपने आराध्य की पूजन करता है। दीपावली की द्वितीय जिसे यम द्वितीया के नाम से भी जाना जाता पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान चित्रगुप्त पूजन का भी विधान है । जब यमराज ने भगवान ब्रह्मा से एक ऐसे सहायक की मांग की जो तीक्ष्ण प्रतिभा का हो तब स्वयं अपनी काया से एक नर शरीर की उत्पत्ति की जिसके हाथ में कलम दवात थी इसी कारण कायस्थ कुल का उदय हुआ जो यमराज के सहायक बन सभी के लेखा कर्म का लेखा-जोखा रखते हैं और कायस्थ कलम दवात की पूजन करते हैं। और आज भी अपनी बुद्धिमत्ता के गुण से समाज में विशिष्ट पहचान रखते हैं। इसी परम्परा के अनुरूप समाज द्वारा पूजन कर अपनी परम्परा का निर्वहन किया। इस अवसरपर राजेन्द्र श्रीवास्तव, शैलेष श्रीवास्तव, अरविंद श्रीवास्तव, राम भरोसा सक्सेना, गिरीश श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित।

जयवर्द्धन सिंह ने वितरित कीं श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतियां

आमसभा में दिग्विजय के भाजपा और आरएसएस पर तीखे प्रहार, वोट चोरी का उठाया मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के नगर भ्रमण के बाद आयोजित विशाल आमसभा को पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने संबोधित किया। सभा में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। मंच पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधायक जयवर्द्धन सिंह सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता एवं विधायक मौजूद रहे। आमसभा में जहां यात्रा के उद्देश्यों, सनातन संस्कृति और धार्मिक-सांस्कृतिक विषयों पर चर्चा हुई, वहीं दिग्विजय सिंह ने लोकतंत्र, चुनाव प्रक्रिया में कथित गड़बड़ियों, वोट चोरी और राम मंदिर के चंदे को लेकर भाजपा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर तीखे राजनीतिक हमले किए।

इस अवसर पर विधायक जयवर्द्धन सिंह ने उपस्थित लोगों को श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतियां भेंट कीं। उन्होंने लोगों से गीता का नियमित अध्ययन करने और उसके संदेशों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला प्रेरणास्रोत है। वहीं, यात्रा में शामिल साधु-संतों का मंच पर सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट चोरी रोकना जरूरी

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने संबोधन में लोकतंत्र और चुनाव प्रक्रिया को लेकर भाजपा एवं आरएसएस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र ने प्रत्येक नागरिक को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इसी लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए निष्पक्ष चुनाव आयोग और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया बेहद जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि मनमाने तरीके से मतदाताओं के वोट काटे जा रहे हैं। कहीं मतदाता सूची से नाम हटाए जा रहे हैं तो कहीं नामों में बदलाव कर नए नाम जोड़े जा रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि मतदाता सूची में होने वाली ऐसी कथित गड़बड़ियों को सामने लाएं और उन्हें ठीक करवाएं। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) का निर्णय है कि चुनाव मतपत्रों के माध्यम से कराए जाएं, क्योंकि कांग्रेस को ईवीएम की निष्पक्षता पर भरोसा नहीं है। उन्होंने कहा कि सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का एक उद्देश्य लोकतंत्र की रक्षा करना और नागरिकों को उनके मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करना भी है। दिग्विजय सिंह ने राम मंदिर निर्माण के लिए एकत्रित किए गए चंदे का मुद्दा उठाते हुए पारदर्शिता और जवाबदेही की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि राम मंदिर के चंदे में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले पर प्रधानमंत्री मौन हैं और कोई जवाब नहीं दे रहे हैं। राम मंदिर के लिए एकत्रित चंदे का पूरा हिसाब जनता के सामने आना चाहिए तथा जिन लोगों पर चंदे में अनियमितता के आरोप हैं, उन्हें जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष पुनरीक्षण का कार्य शुरू

आरोन। भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार फोटो निर्वाचक नामावली-2027 के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के कार्यक्रम अनुसार मतदाता सूची मे दावे एवं आपत्ति के अंतर्गत नाम जुड़वाने , संशोधन करवाने एवं विलोपन की कार्यवाही का कार्य 12 नवम्बर 2026 से शुरु कर दिया गया है कार्यक्रम के तहत दावे और आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर 2026 तक निर्धारित की गई है एवं विशेष कैम्प की तिथि 21 व 22 नवंबर एवं 5 व 6 दिसंबर है। जिसमे नगरीय क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रो पर दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त की जा रही है।

बी.एल.ओ. संघ के अध्यक्ष एवं मतदान केन्द्र क्रमांक -220, आरोन के बी एल ओ दिलबर खान ने बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य एसडीएम मंजूषा खत्री एवं तहसीलदार धीरेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन मे 12 नवम्बर 2026 से शुरू कर दिया गया है।

साडा कालोनी राघौगढ़ में हुए मंगल प्रवचन

दुनिया में चमत्कार कहीं नहीं, हर व्यक्ति को पाप पुण्य का फल अवश्य मिलता है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़।



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य प्रवचन वाचस्पति औजस्वी वक्ता, बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने श्री बासु पूज्य जैन मंदिर साडा कॉलोनी राघौगढ़ के सभागार में गुरुवार को श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत चमत्कार होते हैं क्या? इस विषय पर मंगल प्रवचन करते हुए कहा जैन दर्शन के अनुसार दुनिया में कहीं चमत्कार नहीं है जो चमत्कार के पीछे भाग रहे हैं उनका जो अनुशरण कर लेते हैं वह भी चमत्कार होने का इंतजार करने लगते हैं। अपने उदाहरण देते हुए कहा एक बार राजा की सवारी आ रही थी रास्ते में श्वान ने गंदगी कर दी। राजा के सवकों ने उस गंदगी पर टोकरी डाल दी और ऊपर माला चढ़ा दी। अंधभक्त जनता ने वहां पर मालाओं का ढेर लगा दिया। चमत्कारी स्थान बन गया।एक सेठ जी वहां आए उन्होंने पूछा यहां माला चढ़ाने से चमत्कार होता है क्या। सभी ने कहा आप भी प्रयास कर लो। उन्होंने यह मनोकामना की मेरी बेटी की शादी हो जाएगी तो मैं यहां पर भव्य मंदिर का निर्माण कराऊंगा। कुछ समय बाद बेटी को अच्छा रिश्ता मिल गया। सेठ जी ने उस स्थान का चमत्कार मानकर वहां पर मंदिर बनवा दिया। महाराज जी ने कहा सेठ की लड़की की शादी तो उचित समय पर होनी थी उन्होंने यह मान लिया कि इस स्थान का चमत्कारहै। महाराज जी ने एक और उदाहरण देते हुए बताया कुछ चतुर लोगों ने चमत्कार के लिए एक योजना बनाई। उन्होंने प्रचार किया कि सिद्ध गधा के जो दर्शन करेगा उसकी मनोकामना पूर्ण होगी और चमत्कार होगा। सिद्ध गधा के दर्शन करने का समय निर्धारित कर दिया गया। दर्शन करने के लिए फीस निर्धारित की कर दी गई। पहले दिन सौ लोगों ने सिद्ध गधा के दर्शन किए जिनमें पांच के काम हो गए। जिन्होंने यह योजना बनायी थी उन्होंने पांच लोगों के काम होने का व्यापक प्रचार प्रसार किया। आम जनता को मूर्ख बनाया।आपने कहा अगर गधा के दर्शन करने से पूरे 100 लोगों को लाभ मिलता तो चमत्कार माना जाता।

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा सोवत ग्राम पहुंची

अशोकनगर। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा उज्जैन से अयोध्या तक सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा निकाली जा रही है, यह यात्रा पड़ौसी जिला गुना के आरोन से प्रस्थान कर अशोकनगर जिले के सोवत ग्राम पहुंची। जहां यात्रा ने रात्रि विश्राम किया। विधायक हरिबाबू राय ने बताया कि 13 नंबवर को पदयात्रा सुबह 8 बजे प्रारंभ होगी जो सोवत, बजीदपुर, खेजरा हाट, सेमरा हाट, खेजरा खुर्द, गता, होते हुए पिपरिया राय में रात्रि विश्राम करेगी। 14 नंबवर को पिपरिया राय से यात्रा प्रारंभ होगी जो मैंसरवास, टोंकली, भौंरा खाती पहुंचेगी, रात्रि विश्राम भौंरा खाती में करेगी तथा होटल श्रीजी महल से होते हुए सुराना चैराहे से होकर अग्रवाल पैलेस में रात्रि विश्राम करेगी। 15 नंवबर को राजराजेश्वर महादेव मंदिर से प्रांरभ होकर शनिदेव मंदिर, बस स्टेण्ड, कुड़ी घाट, मढ़खेड़ा होते हुए अमरोद पहुचेगी, जहां रात्रि विश्राम करेगी। 16 नबंवर को अमरोद से सुबह 8 बजे यात्रा प्रारंभ होगी जो भरियाखेड़ी, भीकली, तारई होते हुए थूवोनजी पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम करेगी। 17 नबंवर को पहले सत्र में यात्रा थूवोनजी, कुरवासा, हलनपुर, तगारी पहुंचेगी और दोपहर के भोजन के बाद द्वितीय सत्र में नीकदीप रिसोर्स फतेहाबाद होते हुए चंदेरी पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम करेगी। और 18 नंवबर को यात्रा प्रथम सत्र में दिल्ली दरवाजा चंदेरी, अमराई,प्राणपुर, कुंवरपुर पहुंचेगी और द्वितीय सत्र में कुवंरपुर से बडेरा मंदिर, बडेरा चक्क, राजघाट बांध चैराहे से होते हुए रात्रि विश्राम करेगी और बाद में उत्तरप्रदेश के लिए रवाना होगी।



सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के पहुंचने पर दीपावली जैसा उत्साह



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का प्रथम चरण दीपावली से पूर्व राघोगढ़ में संपन्न हुआ था। यात्रा का द्वितीय चरण बुधवार को पुनः राघोगढ़ से प्रारंभ हुआ, जिसमें मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी भी शामिल हुए। इस दौरान राघोगढ़ में विशाल आमसभा का आयोजन भी किया गया।इसके पश्चात बुधवार रात्रि ग्रामों के बीच होकर यात्रा का आगमन आरोन नगर में हुआ। यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही दीपावली जैसा उत्साह देखने को मिला। नगर के प्रथम प्रवेश द्वार पर 1100 दीपक प्रज्वलित कर यात्रा का भव्य एवं भावपूर्ण स्वागत किया गया। इसके बाद नगर में झिलमिलाती रोशनी के बीच जगह-जगह विभिन्न समाजों एवं संगठनों द्वारा पुष्पमालाओं और आतिशी स्वागत के साथ यात्रा का अभिनंदन किया गया।अंबेडकर पार्क पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार के नेतृत्व में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कलेक्टर की अध्यक्षता में नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय प्रशासन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 1.0 के अंतर्गत द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि शासन से प्राप्त हुई है। प्राप्त राशि से पात्र हितग्राहियों को लंबित किश्त की राशि तत्काल भुगतान किये जाने की कार्यवाही की जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के बीएलसी घटक अंतर्गत शासन की योजना अंतर्गत समय सीमा में आवास निर्माण का कार्य पूर्ण कराया जाए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना 2.0 के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि कम होने पर 75 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। गीता भवन निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान नगरपालिका चंदेरी को संशोधित भूमि आवंटन के संबंध में शीघ्र कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए। अमृत 2.0 योजना अंतर्गत स्वीकृत परियोजना में चल रहे निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिले की समस्त नगरीय निकायों को जल प्रदाय योजनाएं आगामी जनसंख्या 2040 के मान से नल से जल उपलब्ध कराने हेतु समस्त नगरीय निकायों की कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। नगरीय क्षेत्रों में श्वानों/आवारा मवेशी के नियंत्रण के संबंध में,स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वीकृत परियोजना के चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने अवैध कालोनियों पर नियंत्रण हेतु शासन के निर्देशानुसार नगरीय क्षेत्रों में अनाधिकृत कालोनियों पर निगरानी रखकर आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने हितग्राहियों की समग्र ई-केवायसी शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मप्र अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव ने कांग्रेस पर बोला हमला

कांग्रेस के शासन में कितनी बार मुख्यमंत्री अशोकनगर आए, हमारे शासन में मुख्यमंत्री नीचे तक जा रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मध्यप्रदेश अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव ने अशोकनगर में कांग्रेस के शासनकाल में रहे मुख्यमंत्रियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के शासन में कितनी बार मुख्यमंत्री आए, हमारे शासन में मुख्यमंत्री और अधिकारी निचले स्तर तक जा रहे हैं।लेकिन अशोकनगर में भाजपा शासन में एक भी बार मुख्यमंत्री अशोकनगर नहीं आए इस सवाल के जबाव में उन्होंने कहा कि अशोकनगर शहर में उन्हें नहीं बुलाया गया होगा। अशोकनगर में वह निश्चित रूप से आएगें हम उन्हें लेकर आएगें।

कांग्रेस के शासन की कमजोरियां गिनाते गिनाते स्वयं घिर गए

ज्ञात हो कि अशोकनगर शहर में भाजपा शासन में कोई भी मुख्यमंत्री अशोकनगर शहर में नहीं आया है जबकि जिले में उनके कार्यक्रम बनते रहे हैं। यहां के बारे में कहा जाता है कि जो भी मुख्यमंत्री यहां आता है वह कुर्सी से हट जाता है इसी कारण मुख्यमंत्री यहां आने से कतराते हैं। अपेक्स बैंक के अध्यक्ष अपनी सत्ता की उपलब्धियां गिना रहे थे और कांग्रेस के शासन की कमजोरियां गिना रहे थे लेकिन वह चर्चा के दौरान इस मुददे पर कोई जबाव नहीं दे पाए कि अशोकनगर में कोई मुख्यमंत्री क्यों नहीं आता। उन्होंने कहा कि वह अशोकनगर जिले में आते रहे हैं। अगर अशोकनगर में नहीं आ रहे हैं तो वह निश्चित रूप से अशोकनगर आएगें उन्होंने विश्वास जताया। उन्होंने यह भी कहा कि उज्जैन के बारे में यह कहा जाता है कि महाकाल की नगरी में कोई भी मुख्यमंत्री वहां रात्रि विश्राम नहीं करता लेकिन हमारे मुख्यमंत्री उज्जैन में रात रूक रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह विषय उनके पास तक पहुंचाने का वह प्रयास करेगें।

कांग्रेस पर कोई मुददा नहीं, बीजेपी हमेशा से सनातनी है,महेन्द्र यादव

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के बारे में कहा कि उनके शासन में न तो बिजली की कोई सुविधा थी, न केाई अन्य सुविधाएं थीं वह कुछ भी निकालें उनके पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर कोई मुददा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी हमेंशा से सनातनी है हम तो हमेशा से सनातनी हैं, 10 साल तक उनके मुख्यमंत्री काल में 4 मेडीकल कॉलेज हुआ करते थे आज मध्यप्रदेश में 40 मेडीकल कॉलेज हैं। उन्हे बताया गया कि अशोकनगर जिले में आदिवासियों की जमीन पर अनेक लोगों द्वारा कब्जे किए जा रहे हैं इसके आवेदक भी शिकायत करने आते हैं लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस पर हर संभव कार्यवाही की जाएगी।

जिले में सहकारी केन्द्रीय बैंक की स्थापना होगी

अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह यादव को बताया गया कि अशोकनगर जिला 2003 में गुना से विभाजित होकर अस्तित्व में आया था, आज 23 साल हो गए हैं, लेकिन आज भी अशोकनगर जिलें में सहकारी केन्द्रीय बैंक की स्थापना नहीं हुई है आज भी सहकारी केन्द्रीय बैंक गुना से ही चल रहा है। इस सबंध में उन्होंने कहा कि यह विषय उनके संज्ञान में आया है और जनप्रतिनिधियों ने भी इस संबंध में अवगत कराया है। दोनों जिलों का एरिया ध्यान में रखते हुए इसका मिलान किया जाएगा और जल्द ही जिले में सहकारी बैंक की स्थापना होगी।

पलकटोरी में बोरी बंधान का कार्य प्रारंभ

भू-जल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से नदी पर शुरू हुआ बोरी बंधान



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था उन्नति जन कल्याण सेवा समिति एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पलकटोरी के संयुक्त तत्वावधान में आदर्श ग्राम पलकटोरी स्थित नदी पर बोरी बंधान का कार्य प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी अमिताभ श्रीवास्तव ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बोरी बंधान जैसे प्रयासों से वर्षा जल को रोकने, भू-जल स्तर बढ़ाने तथा जल संकट को कम करने में महत्वपूर्ण मदद मिलती है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण के कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। इस अवसर पर जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव, उन्नति जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार सेन, मेंटर्स गणेशराम अहिरवार ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं उज्जवल विकास सेवा समिति के अध्यक्ष प्रहलाद सिंह कुशवाह, सचिव जय सिंह कुशवाह, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र प्रद्युम्न कुशवाह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर आज

अशोकनगर। शासन के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के तहत जनपद पंचायत चंदेरी की ग्राम पंचायत डोंगर में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन 13 नवम्बर को किया गया है। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय सहित अधिकारी द्वारा आवेदकों की समस्याओं को सुनेगें।

दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

अशोकनगर। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्नेहा बजाज निवासी अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से आदिश जैन, उर्मिला जैन सिंर्याश जैन, संजय जैन द्वारा विवाह के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

आपका उद्देश्य ही आपकी कार्यशैली का परम परिचायक माना जाता है: मुनिश्री निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपका उद्देश्य ही आपकी कार्यशैली का परम परिचायक माना जाता है। कार्य-कारण व्यवस्था में सबसे महत्त्वपूर्ण क्या है कार्य या कारण? तो इस प्रश्न के उत्तर में आचार्यों ने स्पष्ट उत्तर देते हुये कहा है, इस कार्य-कारण व्यवस्था में कार्य कारण के अनुरूप ही होता है। कोई भी कार्य बिना कारण के नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि एक कारण से एक कार्य भी हो सकता है और अनेक कार्य भी हो सकते हैं। आप लोग कहते हैं न एक तीर से दो निशाने अर्थात एक कारण से दो कार्य या अनेक कार्य भी होते हैं। लेकिन बिना कारण के कार्य नहीं होता। कहावत भी है न रहेगा बाँस न बजेगी बाँसुरी। लेकिन आचार्यों ने इस कार्य-कारण व्यवस्था को और स्पष्ट करते हुये कहा है की इस व्यवस्था में सबसे महत्त्वपूर्ण है सम्प्रदान अर्थात उद्देश्य। जैसा आपका उद्देश्य होगा वैसा ही फल अर्थात परिणाम आपको देखने को मिलेगा। आपने जिस उद्देश्य के लिये दान लिया है उस उद्देश्य को भूलकर अपने अनुरूप उस दान की राशि को यदवा-तदवा प्रयोग करना ही निर्माल्य है। करुणा का दुरुपयोग ही निर्माल्य है।आपने जनता से करुणा की, प्रार्थना की और जनता ने उस प्रार्थना को स्वीकार कर आपको दान दे दिया। अब आपने जिस उद्देश्य के लिये दान का एकत्रीकरण किया था, आप उस उद्देश्य से भटक गये। आपने अपने हिसाब से उस दान सामग्री का उपयोग कर लिया। यही कहलाता है निर्माल्य। यही कहलाता है करुणा का दुरुपयोग। यह कार्य करते समय आप पूर्ण सजग एवं सावधान रहते हैं एवं ऐसा मायाचार पूर्ण व्यवहार करते हैं जिससे भोली-भाली जनता आपके उस कपट को भी धर्म मानती है। और आप इसमें आनंद की अनुभूति करते हैं। इस प्रकार की गई प्रवृत्ति निकृष्ट तिर्यञ्च योनी में ले जाती है। जिससे आप आगामी भव में सुकर आदि विष्ठा सेवन करने वाले जीव बनते हैं।

कार्यालय नगर परिषद, कुरवाई जिला विदिशा (म.प्र.)
Telephone & Fax No. 07593-247232, E-mail- cmokurwai@mpurban.gov.in

क्रमांक / लो.नि.वि./2026/1100 कुरवाई, दिनांक 12.11.26

।। निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर परिषद कुरवाई जिला विदिशा केन्द्रीयकृत पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों से निम्नलिखित कार्य के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल के वर्तमान प्रचलित यूएडीडी आई. एस. एस. आर. 02 अगस्त 2021 के आधार पर ऑनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से प्रतिशत दरों में निविदाएँ आमंत्रित करती है :-

टेन्डर आई.डी.	कार्य का नाम	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	निविदा क्रय की प्रारंभिक तिथी व समय	निविदा प्रस्तुत करने का अंतिम तिथी व समय
1	2	4	5	6	7
2026_UAD_548821_1	Tender for supply of Ferric Alumino Ferric Grade 4	7000/-	2000/-	12 नवम्बर 2026 17:30 बजे से	26 नवम्बर 2026 17.30 बजे तक
2026_UAD_548838_1	Tender for supply of Stable Bleaching Powder Type 1	4000/-	2000/-		
2026_UAD_548865_1	Tender for supply of Sodium Hypochlorite	4000/-	2000/-		
2026_UAD_548914_1	Construction of Drain From Maya devi House to Main Nala	2100/-	1000/-		

नोट :
विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, टेण्डर एवं अन्य दस्तावेज देखने के लिये http://www.mptenders.gov.in पर सुविधा उपलब्ध है, अधिक जानकारी के लिये लोकनिर्माण शाखा नगर परिषद कुरवाई में सम्पर्क करे।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद कुरवाई

खबर संक्षेप

जुए के कई अड्डों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले के सिटी कोतवाली के अंतर्गत पुलिस ने ईसागढ़ रोड़ पर ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए दीपक शर्मा, वीरू कुशवाह और बलराम रघुवंशी को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 5300 रूपए और ताश की गडडी बरामद की हैं। कोतवाली पुलिस ने हिरियन के टपरा के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए भगवत सिंह केबट, ईशू प्रजापति, भोलाराम केबट, सत्यम कुशवाह को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पुलिस ने 1550 रूपए सहित ताश की गडडी बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने ही हिरियन के टपरा के पास ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए अर्जुन केबट, रामबाबू कुशवाह, राजा रजक, छोटू कुशवाह को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से पुलिस ने 1130 रूपए व ताश की गडडी बरामद की हैं।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी विकास शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरगोविंद शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमडेरा निवासी हल्के सिंह केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजू, सुनील और देवेन्द्र केवट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से उर्मिला केबट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बबलू और हल्के केबट ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढेकन निवासी विक्रम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तुलसीराम और सतवीर यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

हैदर से आए ग्रामीणों ने एसपी को ज्ञापन सौंपा

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम हैदर में जून 2026 में धनपाल रजक की मौत हो गई थी, उक्त घटना में पुलिस ने 5 युवकों को आरोपी बनाया था, जिसके विरोध में हैदर के ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश को ज्ञापन सौंपा। 14 जून 2026 को धनपाल रजक का शव नदी के समीप एक गडडे में मिला था, जिसके बाद परिजन शव को ऑटो से अशोकनगर ले आए थे और जिला अस्पताल के सामने शव रखकर चक्का जाम किया था। जिसके बाद पुलिस ने 5 युवकों को थाने में लाकर पूछताछ की थी, 5 नबंवर 2026 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ज्ञापन में परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने मौके पर पहुचंकर कोई जांच नहीं कि जिसे लेकर उन्होंने मजिस्ट्रियल जांच की मांग की है।

सिविल सर्जन ने कहा- नहीं है टैक्निशयन

जिला अस्पताल में टीएमटी और ईको कार्डियोग्राफी मशीन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला अस्पताल अशोकनगर में एक बड़ी जानकारी सामने आई है जिसमें स्वयं जिला अस्पताल के सिविल सर्जन यह अवगत करा रहे हैं कि जिला अस्पताल में जब से टीएमटी मशीन और ईको कार्डियोग्राफी मशीने आई हैं तब से वह बंद रखी हैं। आज तक उन मशीनों का उपयोग नहीं किया गया है जिसमें सिविल सर्जन का कहना है कि उनके पास टैक्निशयन नहीं हैं।

एक ओर जिला अस्पताल में रोगी इस आशा से पहुंचते हैं कि उन्हें बेहतर उपचार मिलेगा, सभी तरह की जांचे हो सकेगीं, लेकिन जिला अस्पताल में ऐसा नहीं हो पा रहा है, यहां रोगी आ रहे हैं लेकिन उन्हें जांच सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग हर जिले में मरीजों की सुविधा के लिए प्रयास कर रहा है और इन्ही प्रयासों के चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा अशोकनगर जिला अस्पताल को टीएमटी मशीन व ईको कार्डियोग्राफी मशीन भेजी गईं थी इन दोनों मशीनों का उपयोग प्रमुख रूप से हार्ट के रोगियों के उपयोग में किया जाता है। इस तरह की जांचों के लिए अशोकनगर जिले के रोगी सुंविधा नहीं होने के कारण अन्य स्थानों पर पहुंचकर महंगे दामों में इलार्ज करा रहे हैं और जिला अस्पताल के भंडार गृह में यह मशीनें कार्टून में बंद पड़ी हैं।

मशीनों को चालू करने के लिए शासन को पत्र लिखा है



इस संबंध में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. बीएल टैगोर का कहना है कि शासन के द्वारा यह मशीने भेजीं गई थीं लेकिन यह मशीने आने के बाद से बंद पड़ी हैं, शासन ने इन मशीनों को तो भेज दिया लेकिन इन मशीनों को चलाने के लिए कोई टेक्निशियन नहीं भेंजे हैं जब तक कोई टेक्निशियन नही होगा तब तक यह मशीने कोई उपयोग की नहीं है। हमने अपनी ओर से स्वास्थ्य विभाग को पत्र लिखा है कि अशोकनगर जिला अस्पताल के डॉक्टरों की ट्रेनिंग करा दी जाए, लेकिन शासन की ओर से कोई जबाव नहीं दिया जा रहा है।

जिला अस्पताल में मरीजों के लिए 3 ओटी संचालित

इस दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि अशोकनगर जिला अस्पताल में ओटी जो बना था उसमें सीधे ऑक्सीजन सप्लाई की सुविधा नही थी, यहां ऑपरेशन कराने वाले मरीजों के लिए ऑक्सीजन का सिलेण्डर रखा जाता था, अब इसे ऑक्सीजन लाइन से जोड़ा गया है। अब जिला अस्पताल में 3 ऑपरेशन थियेटर हो गए हैं, सर्जिकल वार्ड में ही एक नया बर्न वार्ड बनाया गया है, जहां बर्न से संबंधित रोगियों को रखा जा रहा है ताकि उन्हें किसी प्रकार का इन्फेक्शन न हो सके।

ट्रामा सेंटर में लिफ्ट शीघ्र शुरू होगी

ट्रामा सेंटर में जो लिफ्ट लगी थी वह बंद पड़ी थी और रोगियों को नीचे से ऊपर तक जाने के लिए सीडियों का सहारा लेना पड़ रहा था कई गंभीर रोगी इसमें परेशान हो रहे हैं। पिछले दो साल से जिला अस्पताल की लिफ्ट बंद पड़ी है, इसे चालू कराने के लिए मैकेनिक बुलाए गए हैं, एक माह मे यह लिफ्ट चालू हो जाएगी, जिसका लाभ गंभीर रोगियों को होने लगेगा।

एक अधिकारी पर 3 का प्रभार

जिला अस्पताल में सिविल सर्जन का कार्यभार डॉक्टर बीएल टैगोर देख रहे हैं, वर्तमान में उनके पास तीन पदों का प्रभार है, पहले वह आरएमओ का कार्य देख रहे थे, लेकिन सिविल सर्जन भूपेन्द्र शेखावत का स्थानांतरण हो जाने के कारण उन्हें ही सिविल सर्जन का प्रभार सौंपा गया है वह सिविल सर्जन के साथ आरएमओ और जिला अस्पताल के सहायक प्रबंधक का पद भी संभाल रहे हैं, और इएनटी डॉक्टर होने के कारण उन्हें रोगियों का उपचार भी करना पड़ रहा है।

लौटकर उठाने का दिया था आश्वासन

नपा दफ्तर के बाहर कचरा फेंकने का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर पालिका परिषद कार्यालय चंदेरी के बाहर एक युवक द्वारा निजी बोलेरो वाहन से कचरा फेंकने का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। बीते 8 नवंबर दीपावली पर्व के इस मामले ने तूल पकड़ा और नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे, तो मुख्य नपा अधिकारी प्रदीप शर्मा ने संबंधित कचरा वाहन चालक व हेल्पर को तलब कर जवाब मांगा। अब इस पूरे मामले में सफाई कर्मचारियों का पक्ष भी सामने आया है।

क्या है पूरा मामला?

जानकारी के अनुसार, 8 नवंबर को चंदेरी नगर के वीर बुंदेला नामक युवक ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। इसमें युवक अपने निजी चार पहिया वाहन बोलेरो में कचरा भरकर लाता है और सीधे नगर पालिका दफ्तर के बाहर फेंक देता है। यह वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई और लोग नगर पालिका की सफाई व्यवस्था को लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े करने लगे। मामला संज्ञान में आते ही सीएमओ प्रदीप शर्मा ने संबंधित वार्ड में जाने वाले कचरा वाहन के चालक रमेश खन्ना और हेल्पर से स्पष्टीकरण मांगा। वाहन चालक रमेश खन्ना व हेल्पर ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि दीपावली का पर्व होने के कारण वार्डों से सामान्य दिनों की अपेक्षा कई गुना अधिक कचरा निकल रहा था। जब वे संबंधित वार्ड में पहुंचे, तो कचरा वाहन पूरी तरह से फुल हो चुका था।

आश्वासन के बाद भी युवक ने नहीं किया इंतजार

चालक के मुताबिक, उन्होंने युवक से विनम्रतापूर्वक कहा था कि गाड़ी भर गई है, वे कचरा खाली करके दोबारा लौटेंगे और उनका कचरा भी उठा लेंगे। चालक का आरोप है कि आश्वासन देने के बावजूद युवक ने सब्र नहीं किया और आक्रोश में आकर अपने निजी वाहन में कचरा भरकर नगर पालिका कार्यालय के बाहर डाल दिया। कर्मचारियों का कहना है कि इसमें उनकी कोई लापरवाही नहीं थी, बल्कि त्योहार के अधिक दबाव के कारण गाड़ी फुल हो गई थी। फिलहाल, एक तरफ जहां वायरल वीडियो को लेकर नगर में चर्चाओं का बाजार गर्म है, वहीं दूसरी तरफ नपा कर्मचारियों की इस सफाई के बाद मामले का दूसरा पहलू भी सामने आ गया है।



मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन हेतु स्टेंडिंग कमेटी की बैठक

अशोकनगर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 के तहत जारी कार्यक्रम के अनुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर कान्फ्रेंस कक्ष में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन हेतु स्टेंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के प्रारूप की प्रतियां प्रदान की गई।

बैठक में बताया गया कि प्रारंभिक प्रकाशन के दौरान जिले में कुल 06 लाख 32 हजार 831 मतदाता है। जिसमें 03 लाख 31 हजार 543 पुरूष मतदाता,03 लाख 01 हजार 276 महिला मतदाता तथा 12 थर्ड जेण्डर मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में कुल 02 लाख 18 हजार 440 मतदाता है। जिसमें 01 लाख 13 हजार 887 पुरूष मतदाता,01 लाख 04 हजार 558 महिला मतदाता तथा 05 थर्ड जेण्डर मतदाता है।विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी में कुल 01 लाख 99 हजार 284 मतदाता है। जिसमें 01 लाख 04 हजार 353 पुरूष मतदाता,94 हजार 927 महिला मतदाता तथा 04 थर्ड जेण्डर मतदाता है। विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली में कुल 02 लाख 15 हजार 107 मतदाता है। जिसमें 01 लाख 13 हजार 313 पुरूष मतदाता,01 लाख 01 हजार 791 महिला मतदाता तथा 03 थर्ड जेण्डर मतदाता है। बैठक में बताया गया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 कार्यक्रम के तहत 12 नवम्बर को मतदाता सूची का प्रारूप का प्रकाशन किया गया। 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर 2026 तक दावे और आपत्तियां ली जायेगी। 28 दिसम्बर तक दावों और आपत्तियों का निराकरण किया जायेगा। 04 जनवरी 2027 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर में कुल 301 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 033 चंदेरी में 262 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र 034 मुंगावली में 284 मतदान केन्द्र है।

ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहा है सर्वे

अशोकनगर जिले में अब तक 16 डेंगू के मरीज सामने आए



अशोकनगर। जिले में वायरल बुखार के साथ डेंगू और मलेरिया के रोगी भी सामने आ रहे हैं, जिला मलेरिया विभाग के अनुसार जिले में अब तक डेगूं के 16 मरीज सामने आ चुके हैं। सर्वाधिक केस ग्राम बमुरिया सामने आए थे जहां डेगूं के 6 रोगी होना पाए गए थे, जिले में लगातार स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर कार्यवाही करने में जुटी है और जहां जहां भी लार्वा मिल रहा है, उसको नष्ट किया जा रहा है।जिले मलेरिया अधिकारी दीपक सिसौदिया ने बताया कि अशोकनगर जिले में वर्षाकाल के बाद इस तरह के बुखार की शुरूआत होती है और जब तक जिले में पूरी तरह ठण्ड का असर नही होता तब तक इस तरह के बुखार के फैलने की संभावनाएं बनी रहती हैं, जैसे जैसे तापमान कम होता जाता है वैसे वैसे केस कम होते जाते हैं। अशोकनगर जिले में 932 आशा कार्यकर्ता हैं जो लगातार काम कर रही हैं। जिले में अब तक 16 डेंगू के मरीज मिले हैं जबकि मलेरिया के रोगियों की संख्या 10 है। इस दौरान उन्होंने बताया कि जो 16 मरीज सामने आए हैं उनमे ईसागढ़ में 6 मुंगावली में 3 चंदेरी में 2, शाढ़ौरा में 2 और अशोकनगर में 3 डेगूं के मरीज पाए गए हैं। शहर के साथ साथ ग्रामीण अंचलो में भी आशा कार्यकर्ता और एएनएम द्वारा भी लगातार सर्वे किया जा रहा है। अब तक 4000 लोगों की किड से जांच की गई है, जिले में वायरल बुखार के रोगी 60068 जनवरी से अभी तक होना पाए गए हैं। पूर्व में जिले में मच्छरों के प्रभाव से बचाने के लिए मच्छर दानियां प्रदान की गई थी, लेकिन अब इस तरह की मच्छर दानियां प्रदान नहीं की गई हैं। इस संबंध में मलेरिया विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अशोकनगर जिला उस एरिया में नहीं आता है, इस कारण जिले को इस वर्ष मच्छर दानियां प्रदान नहीं की गई हैं।

मलेरिया विभाग के पास नहीं है भवन न ही स्टाफ



अशोकनगर जिले में मलेरिया विभाग की बात करें तो यहां मलेरिया विभाग जिला स्वास्थ्य अधिकारी के भवन में एक कोने में चल रहा है, जबकि मलेरिया विभाग जिला मुख्यालय पर अलग से एक भवन में होना चाहिए। यहां वर्तमान में जो अधिकारी हैं वह प्रभार में चल रहे हैं। यहां न तो मेडीकल ऑफिसर का पद है और न ही पर्याप्त मात्रा में स्टाफ है, मलेरिया विभाग द्वारा आउटसोर्स कर्मचारियों की मदद ली जा रही है। यहां जिला मुख्यालय पर मलेरिया वर्कर एमडीटी, एलओसी, यूडसी, स्टोर वाहन आदि की भारी कमी है। इस कमी के कारण मलेरिया विभाग को समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

दीपावली मिलन समारोह भी मनाया गया

सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के स्वागत की तैयारियों को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ ईसागढ़

आगामी दिनों में अशोकनगर जिले के चंदेरी पहुंचने वाली पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के भव्य स्वागत एवं उसमें सहभागिता की तैयारियों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ईसागढ़ द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में संपन्न हुई। इस अवसर पर दीपावली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया, जिसमें कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सनातन प्रेमी बंधुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस पदाधिकारियों को सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के उद्देश्य, कार्यक्रम एवं निर्धारित मार्ग की जानकारी दी गई। बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह पदयात्रा करते हुए चंदेरी पहुंचेंगे। यात्रा का थूबोन जी अतिशय क्षेत्र से प्रस्थान एवं मार्ग में स्वागत कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके पश्चात चंदेरी के नवीन बस स्टैंड मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ता एवं सनातन प्रेमी बंधु सहभागिता करेंगे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप, उसकी मान्यताओं एवं मूल आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना तथा सनातन धर्म को लेकर समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना है। साथ ही राम मंदिर से जुड़े चंदे एवं चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के विरुद्ध पारदर्शिता, निष्पक्ष जांच और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को भी यात्रा के प्रमुख मुद्दों में बताया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ईसागढ़ के समस्त पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ता चंदेरी पहुंचकर यात्रा का आत्मीय एवं भव्य स्वागत करेंगे तथा आयोजित कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाएंगे। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान ने सभी कार्यकर्ताओं एवं सनातन प्रेमी बंधुओं से एकजुट होकर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामाजिक सद्भाव, धार्मिक आस्था और सनातन संस्कृति के मूल्यों के प्रति जागरूकता के लिए सभी को मिलकर सहभागिता करनी चाहिए।



दीप प्रज्वलन के साथ मनाया दीपावली मिलन समारोह

बैठक के साथ ही दीपावली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भगवान श्रीराम, माता लक्ष्मी, भगवान गणेश एवं मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सुख, समृद्धि एवं मंगलकामना की गई। उपस्थित सभी लोगों को तिलक लगाकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गईं। आपसी सौहार्द, भाईचारे और आत्मीयता के वातावरण में सभी ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेट के सभी पदाधिकारी विभिन्न मंडलों, सेक्टरों एवं संगठन के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सनातन प्रेमी बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नगर अध्यक्ष मानवेन्द्र सिन्हा ने किया। अंत में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश लोधी जाजनखेड़ी ने सभी उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया गया।

अभियान के तहत आयोजित शिविरों के लंबित आवेदनों का करें निराकरणः कलेक्टर

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों के लंबित आवेदनों एवं सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के निराकरण की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत आयोजित शिविरों में निराकरण हेतु लंबित आवेदनों का अधिकारीगण समय सीमा में हर संभव निराकरण करें। उन्होंने कहा कि शिविरों के दौरान आवेदकों द्वारा सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण कराया जाए। जिससे विभागीय ग्रेडिंग में आवश्यक सुधार हो सके। उन्होंने लोक सेवा गारंटी के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण कर सेवाओं का शत प्रतिशत लाभ दिलाया जाए। बैठक में अपर कलेक्टर डी.एन.सिंह, संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर,डिप्टी कलेक्टर भुवनेश चैहान सहित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने चंदेरी विधायक की माताजी के निधन पर दी श्रद्धांजलि





अशोकनगर। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अशोकनगर जिले की तहसील नईसराय अंतर्गत ग्राम अजलेश्वर पहुंचकर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की माताजी स्वर्गीय चंपाबाई (आयु 106 वर्ष) के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने स्वर्गीय चंपाबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी एवं शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,पूर्व विधायक जजपाल सिंह,कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जनजातीय गौरव दिवस का विस्तृत कार्यक्रम बताया गया

भाजपा सरकार जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए है प्रयत्नशील

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में केंद्र,राज्य सरकार जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए सतत प्रयत्नशील है। उक्त विचार मध्य प्रदेश अपेक्स बैंक के अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव ने गुरुवार को होटल विरास में भाजपा द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जयंती के अवसर पर जनजाति गौरव दिवस मनाए जाने की जानकारी देने, आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान व्यक्त किए।

इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह, मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, भाजपा जिला महामंत्री डॉ शीला जाटव, वीरेंद्र सिंह यादव,घूमन आदिवासी, जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी भी मौजूद थे। अपेक्स बैंक अध्यक्ष ने कहा भाजपा सरकार ने सन् 2021 से महान क्रांतिकारी व राष्ट्रवादी जनजातीय नायक भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती (15 नवंबर) को श्जनजातीय गौरव दिवसश घोषित किया है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी यह आयोजन पूरे गौरव और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।



11 से 18 नंवबर तक मनाया जाएगा गौरव दिवस इस वर्ष यह आयोजन 11 से 18 नवंबर तक व्यापक सामाजिक स्वरूप में मनाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को जोड़ना है, जिसके केंद्र में 15 नवंबर का मुख्य जनजातीय गौरव दिवस रहेगा। 15 नवंबर को प्रदेश स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें मुख्यमंत्री एवं केंद्र व राज्य के मंत्रीगण सहभागिता करेंगे। प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत प्रत्येक जिले में 2 से 3 किलोमीटर लंबा भव्य सांस्कृतिक जुलूस निकाला जाएगा, जिसका समापन विशाल रैली में होगा। यह पूरा आयोजन जनजातीय अस्मिता, लोक कला, संस्कृति और समग्र विकास पर केंद्रित रहेगा।

यह होंगे आयोजन

गौरव सप्ताह के दौरान प्रदेश के शहरों में प्रमुख भवनों, सड़कों, चैराहों, पार्कों और सर्किलों का नामकरण अमर जनजातीय नायकों के नाम पर किया जाएगा। प्रत्येक शहर के एक प्रमुख पार्क में जनजातीय नायक एवं नायिकाओं की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। आयोजनों की गरिमा और संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रमुख समाचार पत्रों, डिजिटल माध्यमों और सोशल मीडिया पर व्यापक अभियान चलाया जाएगा। 12 एवं 13 नवंबर को अजजा मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में तैयारी बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिसमें जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री उपस्थित रहकर कार्यक्रमों की मैदानी रचना सुनिश्चित करेंगे। 14 नवंबर को प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा के 2 प्रमुख स्थानों पर जनजातीय महानायकों की प्रतिमाओं तथा देव स्थानों पर स्वच्छता अभियान, दीप प्रज्वलन और लोक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। 16 एवं 17 नवंबर को जनजातीय युवाओं और छात्रों से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से प्रदेश भर के जनजाति छात्रावासों में विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 18 से 20 नवंबर तक पूर्व व वर्तमान सांसद, विधायक तथा प्रदेश पदाधिकारी जनजातीय अंचलों में श्जनजाति गौरव चैपालश का आयोजन करेंगे और समाज के लोगों के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे। कार्यक्रम को भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा जनजातीय वर्ग के विकास के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं हैं,जो उन्हीं के विकास को लेकर बनाई गई है। जिनका उन्हें लाभ मिल रहा है और उनका शैक्षणिक आर्थिक सामाजिक विकास हो रहा है।

जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन

अब 11 लाख 46 हजार 244 मतदाता दर्ज 11 दिसंबर तक लिए जाएंगे दावे व आपत्तियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2027 अंतर्गत मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली के प्रारूप प्रकाशन, पुनरीक्षण कार्यक्रम, मतदाताओं की संख्या, मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण तथा बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति सहित निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।



पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रमुख तिथियां एवं विशेष शिविर

बैठक में बताया गया कि जिले की सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन 12 नवम्बर, 2026 को कर दिया गया है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, कटवाने या संशोधन कराने के लिए 12 नवम्बर से 11 दिसम्बर, 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। इसके अतिरिक्त मतदाताओं की सुविधा के लिए 21 व 22 नवम्बर तथा 5 व 6 दिसम्बर, 2026 को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। प्राप्त दावे और आपत्तियों का निराकरण 28 दिसम्बर, 2026 तक किया जाएगा और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी, 2027 को होगा।

जिले में 38,823 नए मतदाता जुड़े, ब्यावरा में सर्वाधिक मतदाता

प्रारूप मतदाता सूची के अनुसार जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 11,46,244 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें 5,92,402 पुरुष, 5,53,836 महिला एवं 6 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेशियो 935 तथा ईपी रेशियो 59.34 प्रतिशत है। 23 दिसम्बर, 2025 से 12 नवम्बर, 2026 के बीच जिले में कुल 38,823 मतदाताओं की वृद्धि हुई है। विधानसभावार स्थिति देखें तो ब्यावरा में सर्वाधिक 2,38,354, नरसिंहगढ़ में 2,37,750, खिलचीपुर में 2,33,613, राजगढ़ में 2,30,287 तथा सारंगपुर में 2,06,240 मतदाता दर्ज हैं।

युवा एवं दिव्यांग मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी

जिले की मतदाता सूची में 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के 14,715 युवा मतदाता, 20 से 29 वर्ष के 2,72,218 तथा 30 से 39 वर्ष आयु वर्ग के 2,73,785 मतदाता शामिल हैं। इसके साथ ही जिले में कुल 14,335 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 9,195 पुरुष एवं 5,140 महिला मतदाता हैं। विधानसभावार नरसिंहगढ़ में 3,417, राजगढ़ में 3,277, खिलचीपुर में 2,811, ब्यावरा में 2,738 तथा सारंगपुर में 2,092 दिव्यांग मतदाता दर्ज हैं।

जिले में अब कुल 1,499 मतदान केंद्र

मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के तहत पूर्व से संचालित 1,496 मतदान केंद्रों के अतिरिक्त 3 नए मतदान केंद्र (नरसिंहगढ़ में 1 और खिलचीपुर में 2) प्रस्तावित किए गए हैं। इससे जिले में कुल मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 1,499 हो गई है। ब्यावरा, राजगढ़ और सारंगपुर विधानसभा क्षेत्रों में किसी भी केंद्र पर 1,200 से अधिक मतदाता नहीं होने के कारण वहां नए केंद्र नहीं बढ़ाए गए हैं।

राजनीतिक दलों से बीएलए नियुक्त करने एवं सहयोग की अपील

बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम मतदाता सूची व मतदान केंद्रों की सूची की हार्ड कॉपी तथा फोटो रहित डीवीडी उपलब्ध कराई गई। अधिकारियों ने सभी दलों से आग्रह किया कि वे पारदर्शिता बनाए रखने के लिए अपने-अपने मतदान केंद्रों पर शीघ्र बूथ लेवल एजेंट (ठस।) नियुक्त करें। साथ ही 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई और 1 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र युवाओं का नाम प्रपत्र-6 (घोषणा पत्र सहित) के माध्यम से जुड़वाने, नाम हटवाने हेतु प्रपत्र-7 तथा संशोधन हेतु प्रपत्र-8 के लिए आमजन को जागरूक करने में सक्रिय सहयोग प्रदान करने की अपील की गई।

करौंदी जोड़ पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया विरोध प्रदर्शन

किसानों के अपमान पर कांग्रेस का प्रदर्शन, भाजपा सांसद का फूंका पुतला

जनार्दन मिश्रा के बयान पर जताई नाराजगी, आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

देश के अन्नदाता किसानों के खिलाफ भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा के कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में गुरुवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने करौंदी जोड़ पर जोरदार प्रदर्शन किया। ब

लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बनवारीलाल मालवीय के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान तथा जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह के निर्देशानुसार सुबह 11 बजे कार्यकर्ता करौंदी जोड़ पर एकत्रित हुए। यहां केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए भाजपा सांसद जनार्दन मिश्रा का पुतला दहन किया।

किसानों का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी कांग्रेस

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बनवारीलाल मालवीय ने कहा कि भाजपा सांसद द्वारा देश के किसानों के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया गया है। किसान अपनी मेहनत और पसीने से पूरे देश का पेट भरता है। ऐसे अन्नदाता का अपमान किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के सम्मान के साथ खिलवाड़ जारी रहा तो कांग्रेस पार्टी इससे भी उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। प्रदर्शन में मंडलम अध्यक्ष अनिल कुमार परमार, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मनमोहन सिंह परमार, नंदकिशोर परमार, सुमेर सिंह हाड़ा, महेंद्र यादव, संतोष यादव, रामेश्वर सिंह परमार, मुरली राणा, भारत सिंह राणा, अरविंद सिंह राजपूत, रामचंद्र शर्मा, कमल सिंह राणा, मानसिंह परमार, भारत सिंह सिसोदिया, टीपू मंसूरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं ग्रामीण कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने किया निरीक्षण

चिकन शॉप से चिकन फ्राई व टमाटर सॉस के नमूने लिए

जांच रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सारंगपुर

जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं नमूने लेने की कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस खत्री ने सारंगपुर के सदर बाजार स्थित अबूजर चिकन शॉप (शोरमा चिकन) का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चिकन फ्राई एवं टमाटर सॉस के नमूने जांच के लिए लिए। इन नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।



इस दौरान खाद्य प्रतिष्ठान में साफ-सफाई, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) और खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की स्थिति भी जांची गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एसएस खत्री ने दुकान संचालक को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने तथा उपभोक्ताओं को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कार्रवाई के दौरान शहजाद खान पटवारी, सारंगपुर भी मौजूद रहे। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बताया कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए इस तरह की निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।

शासकीय संजय निकुंज छापीहेड़ा में अमरूद व आंवला फलबहार की नीलामी 25 को होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

उप संचालक उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2026-27 के लिए शासकीय संजय निकुंज छापीहेड़ा, विकासखण्ड खिलचीपुर में अमरूद एवं आंवला फलबहार की नीलामी खुली बोली के माध्यम से की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति अथवा संस्थान 25 नवम्बर, 2026 को दोपहर 2 बजे शासकीय संजय निकुंज छापीहेड़ा में उपस्थित होकर खुली बोली लगा सकते हैं।

फसल एवं पौधों का विवरण-नीलामी के लिए उपलब्ध फलदार पौधों में अमरूद कुल 212 फल पौधे हैं, जिनमें 105 पूर्ण फलित एवं 107 अर्ध फलित पौधे शामिल हैं। आंवला कुल 07 फल पौधे हैं, जिनमें 04 पूर्ण फलित एवं 03 अर्ध फलित पौधे शामिल हैं। धरोहर राशि इस नीलामी हेतु कुल धरोहर राशि 10,000 रुपये निर्धारित की गई है, जिसे खुली बोली के समय कार्यालय उद्यान अधीक्षक, शासकीय संजय निकुंज छापीहेड़ा में जमा करना होगा।

इच्छुक बोलीदार कार्यालयीन समय में शासकीय संजय निकुंज छापीहेड़ा पर उपस्थित होकर फलबहार का अवलोकन कर सकते हैं। खुली बोली एवं नीलामी से संबंधित शर्तें कार्यालयीन समय में कार्यालय उप संचालक उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण राजगढ़ एवं कार्यालय उद्यान अधीक्षक, शासकीय संजय निकुंज छापीहेड़ा (विकासखण्ड खिलचीपुर) से प्राप्त की जा सकती हैं। अधिक जानकारी के लिए प्रभारी अधिकारी, शासकीय संजय निकुंज छापीहेड़ा के मोबाइल नम्बर पर कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर सकते है।

पीआईयू विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति के लिए शासन को फाइल भेजी

प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही दो करोड़ की लागत से बनेगा रेस्ट हाउस, पुराने के पास होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरसिंहगढ़

शहर की भैसाटोल पहाड़ी स्थित वीआईपी रेस्ट हाउस के लिए दो करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। पीआईयू विभाग से प्रशासनिक स्वीकृति के लिए शासन को फाइल भेजी गई है, जिस्की स्वीकृति मिलते ही निर्माण की अगली प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जानकारी के अनुसार पुराने रेस्ट हाउस के समीप पहाड़ी पर ही नया रेस्ट हाउस तैयार होगा। जिसे आधुनिक लुक के साथ तैयार किया जाएगा। इस नवीन रेस्ट हाउस में दो वीआईपी रेस्ट रूम, किचिन, डायनिग हाल का निर्माण होगा , इसके अलावा यहां रुकने वाले अतिथियों के लिए भी अन्य सुविधाएं विकसित की जाएगी।

वर्तमान में जर्जर भवन में संचालित हो रहा रेस्ट हाउस- गौरतलब है कि लंबे समय से पुराने भवन में ही रेस्ट हाउस संचालित है जो की अब जर्जर हो चुका है। लम्बे समय से नवीन रेस्ट हाउस निर्माण की मांग चली आ रही थी। जोकि अब पूरी होने वाली है। हालांकि नवीन भवन निर्माण के दौरान इस पुरानी हेरिटेज बिल्डिंग को भी व्यवसिथत रख इसका जीर्णोद्धार किया जाएगा। ताकि इसका भी उपयोग किया जा सके। पहाड़ी ओर होने की वजह से यहां से खूबसूरत नजारा दिखता है जो बाहर से आने वाले लोगो को आकर्षित करता है। फिलहाल नया भवन बनने से यहां सुविधाएं बढ़ेगी।



गलतढंग से हुआ रोड निर्माण दुर्घटनाएं की आशंका

शहर में बन रहे सिटी पोर्शन सड़क निर्माण के चलते रेस्ट हाउस के एक हिस्से से नयी सड़क निकले जाने के चलते यहां का पुराना रोड नई सड़क निर्माण में चला था। इस वजह से पीडब्ल्यूडी ने रेस्ट हाउस तक पहुचने यहां नया रोड निर्माण किया है। जिसके निर्माण को लेकर भी अब सवाल खड़े होने लगे है। लोगो का कहना है कि इस सड़क का घूम 90 डिग्री के एंगल में आ रहा है जिससे यहां दुर्घटनाओं की सम्भवानाये रहेगी। ऐसे में नागरिको ने इसे ठीक किये जाने की मांग उठाई है। हालांकि विभाग का कहना है कि यहां एक ओर रोड बनेगा तब यहां समस्याएं नही होगी।

इनका कहना है...

नवीन रेस्ट हाउस निर्माण की फाइल प्रशासनिक स्वीकृति के लिए भेजी है। स्वीकृति मिलते ही काम निर्माण की जरूरी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
ज्ञानदीप भूमेकर, एसडीओ पीआईयू राजगढ़

हलाली कॉलोनी के पीछे संचालित गैराज में खाद्य विभाग की दबिश

घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में भर रहे थे गैस, 13 सिलेंडर व दो मोटर जब्त

घरेलू गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल वाहनों में एलपीजी भरने के लिए किया जा रहा था। खाद्य विभाग की जांच में हलाली कॉलोनी स्थित एक गैराज में अवैध रिफिलिंग का मामला सामने आया है। टीम ने मौके से 13 घरेलू गैस सिलेंडर और दो इलेक्ट्रिक मोटर जब्त की हैं। पूछताछ में मैकेनिक ने व्यावसायिक रूप से वाहनों में गैस भरने की बात स्वीकार की, जिसके बाद संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है।

मैकेनिक ने पूछताछ में कबूला व्यावसायिक रूप से गैस भरते थे , संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| विदिशा

घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग घरों में खाना बनाने के बजाय वाहनों में एलपीजी भरने के लिए किया जा रहा था।

खाद्य विभाग की जांच में घरेलू गैस की अवैध रिफिलिंग का यह मामला सामने आया है। टीम ने मौके से 13 घरेलू गैस सिलेंडर और रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाली दो इलेक्ट्रिक मोटर जब्त की हैं। इनमें सात सिलेंडर सील पैक और छह खाली थे। मामले में गैराज संचालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर के निर्देशन में जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग और अवैध रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी संदीप भार्गव के समक्ष कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सत्यपाल सिंह जादौन ने हलाली कॉलोनी स्थित सम्राट अशोक सागर परियोजना कार्यालय के पीछे संचालित एक गैराज की जांच की। जांच के दौरान गैराज में मैकेनिक नफीस खान मौजूद मिला। टीम ने उसकी उपस्थिति में गैराज की तलाशी ली तो वहां 14.2 किलोग्राम क्षमता के 13 घरेलू गैस सिलेंडर रखे मिले। इनमें सात सिलेंडर सील पैक थे, जबकि छह खाली थे। इसके अलावा गैस रिफिलिंग में उपयोग की जाने वाली दो इलेक्ट्रिक मोटर भी मिलीं। खाद्य विभाग की टीम ने जब मैकेनिक से सिलेंडरों और मोटरों के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों से वाहनों में एलपीजी भरने का काम व्यावसायिक रूप से किया जाता है। यानी घरेलू उपयोग के लिए मिलने वाली गैस का इस्तेमाल वाहनों में ईंधन के रूप में किया जा रहा था। यह नियमों का उल्लंघन है।

गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिए सिलेंडर

कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से सभी 13 गैस सिलेंडर और दो इलेक्ट्रिक मोटर जब्त कर लीं। जब्त सामग्री को विदिशा गैस एजेंसी की सुपुर्दगी में दिया गया है। विभाग ने संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अनुसार घरेलू गैस सिलेंडरों का निर्धारित घरेलू उपयोग के अलावा अन्य कार्यों में इस्तेमाल करना प्रतिबंधित है। जिले में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, उपयोग और रिफिलिंग पर निगरानी रखी जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

साहब... जरा एक नजर इधर भी देखें

शहर में संचालित शादी, पार्टियों में खाना बनाने वाले केटर्स भारी मात्रा में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं। शहर के बड़े- बड़े केटर्स के पास दर्जनों से अधिक घरेलू गैस सिलेंडर रखे हुए हैं। इनकी संख्या इतनी है कि केटर्स ने सिलेंडरों को रखने के लिए बकायदा गोदाम बना रखे हैं, लेकिन इनकी कभी जांच नहीं की जाती, शादियों, पार्टियों सहित अन्य बड़े आयोजनों में खुलेआम घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग हो रहा है। खाद्य विभाग को इधर भी ध्यान देना चाहिए।

सफलता की कहानी: आधुनिक तकनीक से कर रहीं उत्पादन

सब्जी उत्पादन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहीं स्वसहायता समूह की दीदियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| ब्यावरा

राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ विकासखंड के ग्राम मानपुरा देव की स्वसहायता समूह की दीदियां सब्जी उत्पादन के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। समूह की दीदियां अपने खेतों में विभिन्न प्रकार की सब्जियों का उत्पादन कर आसपास के बाजारों के साथ भोपाल सब्जी मंडी में भी थोक में सब्जियां बेचकर अच्छी आमदनी अर्जित कर रही हैं। ग्राम मानपुरा देव की गतिविधि समूह की दीदी श्रीमती कीरन कुशवाह द्वारा अपने खेत में लगभग 10 बीघा जमीन पर आधुनिक तरीके से सब्जियों का उत्पादन किया जा रहा है। उनके खेत में टमाटर, मिर्च, ककड़ी, गिलकी, लौकी, शिमला मिर्च, कद्दू, चना फली सहित विभिन्न प्रकार की सब्जियां उगाई जा रही हैं। दीदी द्वारा पॉली मल्चिंग तकनीक अपनाकर आधुनिक तरीके से सब्जी उत्पादन किया जा रहा है। ग्राम मानपुरा देव में स्वसहायता समूह के 17 समूह सक्रिय हैं, जिनसे लगभग 170 दीदियां जुड़ी हुई हैं। गांव की सभी दीदियां अपने-अपने घरों एवं खेतों में सब्जी उत्पादन का कार्य कर रही हैं। सब्जियों को स्थानीय बाजारों के साथ भोपाल की सब्जी मंडी में भी थोक में विक्रय किया जाता है। इस कार्य से एक दीदी को लगभग 30 से 40 हजार रुपये तक की मासिक आमदनी हो रही है। ग्राम मानपुरा देव की स्वसहायता समूह की दीदियां आधुनिक तरीके से सब्जी उत्पादन कर अपनी आमदनी बढ़ा रही हैं तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

10 बीघा जमीन में कर रहीं विभिन्न सब्जियों का उत्पादन, एक दीदी की मासिक आमदनी 30 से 40 हजार रुपए तक